# <u>27 वाँ भोपाल सहोदया कॉम्प्लेक्स</u>

## <u>प्राचार्य सम्मलेन</u>

दिनांक 13 जुलाई 2017 को संत मोंटफोर्ट स्कूल के परिसर में सांय 4:30 से 6:30 बजे तक 27 वाँ भोपाल सहोदया कॉम्प्लेक्स सम्मलेन आयोजित हुआ इस सम्मलेन में भोपाल संभाग के लगभग 70 प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्राचार्यों ने सहभागिता की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल के जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमान धर्मेन्द्र शर्मा जी उपस्थित थे संत मोंटफोर्ट विद्यालय के प्राचार्य व सहोदय कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष श्रीमान ब्रदर टी. एलेक्स जी ने सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत अपने स्वागत भाषण द्वारा किया | इस सम्मलेन में सी.बी.एस.ई की नवीन शिक्षा प्रणाली से सम्बंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी उनमे से कुछ प्रमुख विषय थे - कक्षा एक से बारहवी तक की अंक निर्धारण नीति, सहोदय कॉम्प्लेक्स द्वारा आयोजित की जाने वाली अंतविद्यालयीन प्रतियोगितओं के दिनांक व समय निर्धारण, सी.बी.एस.ई तथा मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा जारी किये गए नवीन परिपत्रों के संबंध में चर्चा करना, सम्मलेन में “जागरूक वेबसाइट” के प्रति भी उपस्थित प्राचार्यो का ध्यान आकृष्ट किया गया तथा यह निर्णय लिया की इसे शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराया जाए | बैठक के अंतिम बिंदु के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमान धर्मेन्द्र शर्मा जी ने राज्य शिक्षा के सम्बन्ध में चर्चा की | कार्यक्रम का कुशल संचालन श्रीमान सोजन जोसफ, सचिव सहोदय काम्प्लेक्स द्वारा किया गया | कार्यक्रम के अंत में संयुक्त सचिव श्रीमती मीना यादव, प्राचार्या ग्रीन वैली स्कूल ने सबके प्रति आभार व्यक्त किया |